हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई 2025

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 उमस भरी गर्मी ने छुड़ाए पसीने, शाम को बारिश से राहत



12 पीतल नगरी के 62 स्कूलों के 27124 छात्रों ने ली पॉलीथिन त्यागने की शपथ



पॉलिटेक्निक करें नौकरी पाएं
सीटें सीमित
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by : AICTE & PCI, New Delhi
DIPLOMA IN PHARMACY
2 YEARS COURSE
Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical)
पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना
Mob. : 9992696300, 9466464921, 9467543958

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस चालक के खिलाफ केस दर्ज

**खोल।** मंदोला गांव में गत 24 मई को स्कूल बस की चपेट में आकर पांच साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पांचवी कक्षा में पढ़ने वाली सानवी स्कूल बस से उतरने के बाद अपनी मां के साथ घर की ओर जा रही थी। बोहका के निकट सामने से आ रही एक मॉडर्न स्कूल की बस ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका गुरूग्राम के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी मां सुनीता के बयान पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ड्योढई गांव से बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**रेवाड़ी।** ड्योढ़ई गांव से चोर एक किसान के कुएं पर लगा बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। ट्रांसफार्मर से कई कुओं पर बिजली की आपूर्ति होती थी। निगम के एसडीओ ने पुलिस शिकायत में बताया कि रामधन के खेत में एक 63 केवी क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। रात के समय चोर ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। इससे एक ओर जहां ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली बाधित हो गई, तो दूसरी ओर निगम को भी 1.39 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट मामले में दोनों आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गज्जीवास में दो भाइयों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बयान में उदयवीर ने बताया था कि उसके भाई के साथ 18 मई को दो युवक मारपीट कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद वह घर पहुंचा तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रसियावास निवासी संजय व भूपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 में चोर दिनदहाड़े एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में महेंद्रगढ़ के उनिंदा निवासी लखमीचंद ने बताया कि वह सेक्टर में किराए के मकान में रह रहा है। रात की ड्यूटी करने के बाद वह बाइक लेकर मकान पर आ गया था।

### सरकुलर रोड पर वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक नहीं

# सड़क पर इंसानियत के साथ दम तोड़ रही जिंदगी एंबुलेंस तक को नहीं मिलता निकलने का रास्ता

- नागरिक अस्पताल के आसपास गंभीर बने रहते हैं हालात, ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले तोड़ा घायल ने दम

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

सड़क पर एक ओर जहां इंसानियत के साथ घायल और बीमार लोगों की जिंदगी दम तोड़ रही है, तो दूसरी ओर नासूर बन चुके सरकुलर रोड के जाम से आमजन को मुक्ति दिलाने में पुलिस-प्रशासन नाकाम साबित हो रहे हैं। एंबुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने का रास्ता नहीं मिलने के कारण गत बुधवार को सड़क हादसे में घायल एक महिला की मौत हो गई। एंबुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने के लिए जाम में रास्ता तक नहीं मिला।

गत बुधवार को बिठवाना के निकट सड़क पार करते समय कार की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचना देकर बुलाया था। एंबुलेस घायल महिला को लेने के लिए समय पर पहुंच गई। वहां से तुरंत घायल महिला को लेकर ट्रॉमा सेंटर के लिए लेकर चल पड़ी, परंतु सरकुलर रोड के जमा में एंबुलेंस काफी देर तक फंसी रही। ट्रॉमा सेंटर से कुछ मीटर की दूरी पर वाहनों के जाम से निकलने में ही एंबुलेंस को काफी समय लग गया। लगातार एंबुलेंस का सायरन बजता रहा, परंतु वाहन चालकों की इंसानियत इस दौरान पूरी तरह मरी हुई नजर आई। एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए वाहन चालकों ने जरा भी गंभीरता नहीं दिखाई। चौक पर एक पुलिसकर्मी एंबुलेंस को रास्ता दिलाने के लिए जूझता रहा, परंतु वाहन चालकों ने एंबुलेंस को रास्ता देने में कोई गंभीरता नहीं दिखाई। नतीजा यह रहा कि जब तक एंबुलेंस अस्पताल पहुंची, तब तक घायल महिला दम तोड़ चुकी थी।





रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर खड़ें वाहन व जाम से लगी कतार, सरकुलर रोड पर अस्पताल के पास लगा जाम, ट्रामा सेंटर के पास जाम खुलाने का प्रयास करता पुलिसकर्मी।

#### सड़क पर खड़े वाहनों से परेशानी

पार्किंग के अभाव में सरकुलर रोड पर सुबह से शाम तक सड़क किनारे बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं। इनमें दुकानदारों से लेकर ग्राहकों तक के वाहन होते हैं। इन वाहनों के कारण सड़क दोनों ओर से संकीर्ण हो जाती है, जिससे दिन भर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। झज्जर चौक, रेलवे चौक, सामान्य अस्पताल के पास, अंबेडकर चौक व कई अन्य प्रमुख स्थानों पर दिन भर लोगों को जाम जैसे हालात का सामना करना पड़ता है। जाम में एंबुलेंस फंसने का यह मामला नया नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार एंबुलेंस जाम में फंसती रही हैं।

#### पट्टी से बाहर वाहनों के कर रहे चालान



सरकुलर रोड पर पट्टी से बाहर खड़े होने वाले वाहनों के नो पार्किंग के चालान किए जा रहे हैं। वाहन चालकों को सड़क पर वाहन नहीं खड़े करने की सलाह दी जाती है। इसके बावजूद कई वाहन चालक बाज नहीं आते। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी।
-विनोद शंकर, डीएसपी ट्रैफिक।

सरकुलर रोड पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं। जैन पब्लिक स्कूल के आसपास जाम की समस्या ज्यादा गंभीर बनी रहती है। सरकुलर रोड पर पड़ने वाले प्राइवेट अस्पताल, बैंक, स्कूल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कुछ अस्पतालों ने अपनी पार्किंग बनाई हुई है, जबकि अन्य के पास ऐसी व्यवस्था नहीं है।

## मासूम से कुकर्म के बाद हत्या का आरोपी दोषी करार फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई ताउम्र कैद की सजा

- जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लगभग चार साल पहले रामपुरा क्षेत्र में पांच साल के मासूम के साथ कुकर्म व हत्या के आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी करार दिया है। उसे आजीवन कठोर कारावास व 71 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। रामपुरा थाना क्षेत्र में रह रहे दंपति 19 अप्रैल 2021 को अपने पांच साल के बेटे को पड़ोस में रहने वाले उड़ीसा निवासी बालेश्वर के घर पर छोड़कर बाजार गए थे। रात को पति-पत्नी वापस आए तो बच्चा बिस्तर पर बेसुध हालत में पड़ा हुआ था। दंपति बच्चे को ट्रॉमा सेंटर लेकर गए, जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया था। 22 अप्रैल को रामपुरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास व पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी बालेश्वर के बेटे किशोर चंद पांडा को गिरफ्तार कर लिया था। पीजीआई में उपचार के दौरान 27 अप्रैल को मासूम बच्चे की मौत हो गई थी। बच्चे की मौत के बाद हत्या की धारा भी जोड़ दी गई थी। पुलिस ने जांच करते हुए बालेश्वर के बेटे किशोर चंद पांडा को हत्या व कुकर्म के आरोप में गिरफ्तार करते हुए अदालत में उसके खिलाफ चालान पेश किया था।




रेवाड़ी। सचिवालय के पास स्थित न्यायिक परिसर। फोटो :हरिभूमि

#### फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई मामले की सुनवाई

लगभग चार साल तक फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले इस मामले की सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष, पुलिस व पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर सहित करीब एक दर्जन लोगों की गवाहियां हुई। एएसजे लोकेश गुप्ता की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए किशोर चंद पांडा को दोषी करार दिया। उसे आजीवन कठोर कारावास व 71 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है
NO SMOKING
NO TOBACCO
31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि द्वारा "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैंड, रेवाड़ी पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।
सौजन्य से
MAARS HOSPITAL HEART INSTITUTE
Near Rao Abhay Singh Chowk
Main Delhi Road, Rewari
अजय पटोदा
निर्देशक, सहकारिता बैंक रेवाड़ी व वरिष्ठ भाजपा नेता
BMG group
Gupta Metal Sheets Limited, Delhi Road Rewari
Everest Square
A UNIQUE APPROACH IN SHOPPING
Sector 26, Near Eden Garden Society, Rewari
SWARANJALI GROUP OF INSTITUTIONS
Devlawas, Bithwana Chowk,
Bawal Road, Rewari
तिजारा नमकीन संगम Premium Quality
फैक्ट्री : प्लाट नं. 262, सुताने, इंडस्ट्रियल एरिया, आईएमटी, सेक्टर-3, फेज-1, रेवाड़ी
प्रTham SCHOOL
YOUR CHILD'S INNOVATION PARTNER
DHAMLAKA, REWARI HARYANA
यशवीर नम्बरदार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशीले पदार्थ का तस्कर। फोटो :हरिभूमि

### नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी थाना पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत कारागार भेज दिया गया। इससे पूर्व पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने गत 15 मई को सूचना के आधार पर अग्रसेन चौक के पास नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में शहादत नगर निवासी वीर व शिव कॉलोनी में रहने वाले रामगढ़ भगवानपुर निवासी रविंद्र उर्फ रवि को नशीले पदार्थों गांजा व स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों के कब्जे से नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद सिटी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया था। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के आरोप में ओल्ड आदर्श नगर निवासी गौरव उर्फ गौरी को गिरफ्तार किया है।

## यूनिप्रोडक्ट कंपनी में जमकर तोड़फोड़

### दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लाधुवास गुर्जर स्थित यूनिप्रोडक्ट कंपनी में वीरवार सुबह दो युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। सिक्योरिटी गार्ड के साथ हाथापाई करते हुए कंपनी में घुसे युवकों ने परिसर व तीन गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए केस दर्ज कर लिया। कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में कंपनी के सहायक एचआर मैनेजर राहुल यादव ने बताया कि वीरवार को सुबह 9:52 बजे भूडला निवासी नरेश और उसका साथी आकाश कंपनी के गेट नं. 2 से बाइक लेकर घुस गए। गेट पर खड़े सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, परंतु दोनों हाथापाई करते हुए अंदर घुस गए। राहुल यादव ने आरोप लगाया कि दोनों ने कंपनी न्यू एडमिन ब्लाक का मेन इन्ट्री गेट का गिलास तोड़ दिया। इसके बाद कंपनी के तीन प्रबंधकों की गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। ओल्ड एडमिन के मेन गेट के दरवाजे का गिलास भी तोड़ दिया। उनके पास घातक हथियार भी थे, जिससे वह जानलेवा हमला भी कर सकते थे। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।





एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।

# हमारा पर्यावरण
## क्या था, क्या हो गया
## कैसे हो संरक्षित

जागरुकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *



### कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

बच्चो, आज से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइक्लिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग को मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

### भारत में साइकिल

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवा-गमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।



### साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **Bicycle** शब्द फ्रेंच भाषा के **bicyclette** वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगेन को 'सिटी ऑफ साइक्लिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

### जीवन की नींव



जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया
पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

### एंवॉयर्नमेंट नॉलेज



Q : भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
A : देहरादून में।
Q : राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
A : 33 प्रतिशत।
Q : चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
A : वनों की सुरक्षा।
Q : देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
A : बैंग्लुरु (कर्नाटक)।
Q: ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



A : ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।
Q : भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
A : अहमदाबाद (गुजरात)।
Q : इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
A : देहरादून (उत्तराखंड)।
Q : विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
A : 21 मार्च।
Q : भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
A : भोपाल में।
Q : भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
A : मध्य प्रदेश।
Q : पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
A : ऑक्सीजन।
Q : कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
A : वायु प्रदूषण।
Q : बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
A : जल प्रदूषण।
Q : परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
A : वायु प्रदूषक।
Q : राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
A : नागपुर (महाराष्ट्र)।
Q : वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
A : पराबैंगनी किरणों से।
Q : वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
A : नाइट्रोजन।

प्रस्तुति: दीपक कोहली

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।

# ओह! यह तो वही लड़का है

कहानी
सिराज अहमद



निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ़ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल



### फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

### रंग भरो-176

रंग भरो-176 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


अयान, रायपुर


कृतिका, सीपत


तेजू, रायपुर


शौर्य, जांजगीर


अरल, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

### रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार के लिए 30 जून तक आवेदन

**रेवाड़ी।** केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार के लिए आयुर्वेदिक विशेषज्ञों से 30 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं, जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यता रखते हैं और जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना अपार योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं को वार्षिक आयुर्वेद दिवस यानी 23 सितंबर को 5 लाख रुपए के पुरस्कार व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

### श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से एक जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे लोगों ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर मे डा. एच आर यादव मेडिसिन, डा. अनिल यादव हड्डीरोग, डा. प्रद्युम्न यादव मूत्ररोग, डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डा. निशा यादव नेत्ररोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे तथा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी में फ्री सेवाएं देंगे।

### दवा विक्रेता के साथ की ठगी, मामला दर्ज

**नारनौल।** खुद को एनसीसी अधिकारी बताकर दवा विक्रेता को झांसे में लिया और 89 हजार रुपये की ठगी कर ली। दरअसल, दवा विक्रेता को एनसीसी कैडेटस को बॉर्डर पर भेजने के नाम पर उनके लिए दवाई उपलब्ध करवाने की डिमांड की थी। दवा विक्रेता को जब उसके साथ फ्रॉड होने का पता चला तो उसने इस बारे में साइबर थाना शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना में दी गई शिकायत में राजस्थान के बहरोड़ के गांव बालपुर निवासी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि उसने फैजअलीपुर चौक पर सानवी मेडिकोज एवं हेल्थ केयर के नाम से दवाइयों की दुकान की हुई है।

### डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं: डीसी

**डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने की गांव बोड़िया कमालपुर में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सुनीं ग्रामीणों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनते डीसी व एसपी।



कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को गांव बोड़िया कमालपुर के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। डीसी व एसपी ने गांव के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर डीसी मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है। समाधान शिविर के साथ ही लोगों की जनसुनवाई करने के उद्देश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक की किसी भी विभाग से संबंधित यदि कोई समस्या है तो वह बिना किसी देरी के प्रशासन के समक्ष रात्रि ठहराव कार्यक्रम में रख सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के विकास में अपना योगदान दें। डीसी ने कहा कि जरूरतमंद पात्र लोगों के कल्याण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनका लाभ जरूरतमंद लोगों को लेना चाहिए। डीसी मीणा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को सरकार की सेवाओं व योजनाओं का लाभ प्रदत्त करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया।

**नशे से दूर रहे युवा**

इस मौके पर एसपी हेमेन्द्र मीणा ने कहा कि युवाओं में बढ़ती ड्रग्स की प्रवृत्ति को हर हाल में रोकना है। इसके लिए प्रशासन और आमजन को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि गांव में किसी व्यक्ति द्वारा ड्रग्स बेचे जाने की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस या जिला प्रशासन को दें ताकि समय रहते उस पर ठोस कार्रवाई की जा सके। उन्होंने गांव में भाईचारा बनाए रखने की अपील की। डीसी व एसपी ने कार्यक्रम में लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

**यह रहे कार्यक्रम में मौजूद**

इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, डीईओ सुभाष चंद, बीडीपीओ कविता, डीएसपी जोगेंद्र शर्मा, बिजली निगम के एक्सईएन कुलदीप नेहरा, सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया, तहसीलदार श्रीनिवास, नायब तहसीलदार श्याम लाल, प्राचार्य डा. हरिप्रकाश यादव व सरपंच नेहा सहित सभी विभागाध्यक्ष व अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। बावल रोड पर क्रेन से बिजली ठीक करता कर्मचारी।

# एक निगम ने बिगाड़ी दूसरे निगम की सप्लाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बावल व गढ़ी बोलनी रोड पर लाइन शिफ्टिंग व मेंटिनेंस कार्य करते समय बीएसएनएल की केबलें कटने से सैकड़ों फोन डेड हो गए। बीएसएनएल के कर्मचारी टेलीफोन व्यवस्था सुचारू करने में शाम तक व्यस्त रहे। इस दौरान निगम की इंटरनेट सेवा भी बाधित रही।

बिजली निगम की ओर से वीरवार को बावल रोड पर जहां लाइन शिफ्ट करने का कार्य किया गया, तो गढ़ी बोलनी रोड पर मेंटिनेंस के लिए कर्मचारी लगे हुए थे। कई जगह पर पोल गाड़ने के लिए खुदाई करते समय बीएसएनएल की लाइनें कट गईं। गढ़ी बोलनी रोड पर निगम की फोन लाइनें कट गईं, जिससे बड़ी संख्या में टेलीफोन डेड होने के साथ ही इंटरनेट व्यवस्था भी ठप हो गई। जिन लाइनों के ऊपर से ओएफएसी केबलें गुजर रही थीं, बिजली लाइन शिफ्ट करते समय या तो हटा दी गईं या फिर टूट गईं। इससे टेलीफोन उपभोक्ताओं के फोन डेड हो गए। बीएसएनल के कर्मचारियों को कटी हुई केबलें जोड़ने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

**परेशानी**

बिजली निगम की ओर से बावल व गढ़ी बोलनी रोड पर लाइनों का कार्य करने के लिए परमिट लिया हुआ था। इससे दोनों रोड पर घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। दूसरी ओर बड़ी संख्या में बीएसएनएल के उपभोक्ता इंटरनेट सेवा यूज करते हैं। फोन डेड होने के बाद उन्हें भी घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम तक बिजली व फोन व्यवस्था सुचारू हो सकी।

# लोगों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन व वृक्षासन सहित अनेक आसनों का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। योग शिविर में योगाभ्यास करते हुए लोग।

पतंजलि योग समिति की ओर से गांव बनीपुर में चल रहे 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के सातवे दिन अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। पतंजलि योग समिति की महिला प्रभारी सरोज आर्य के नेतृत्व में शिविर में पतंजलि परिवार के पदाधिकारी नियमित रूप से योग प्राणायाम के अभ्यास के साथ साथ योग साधकों को प्रशिक्षित कर रहे है। वीरवार को समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य तथा तहसील प्रभारी कैप्टन राजेंद्र सिंह ने योग साधकों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योगिंग-जोगिंग सहित योग प्रोटोकॉल का अभ्यास सत्र आयोजित कर योग प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। तहसील प्रभारी कैप्टन राजेंद्र सिंह ने योग प्राणायाम के साथ सूर्य नमस्कार, ताड़ासन व वृक्षासन सहित अनेक आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, रोहतास सिंह ढिल्लो, सतीश देवी, रमेश, सुमन, कमला, बाला, शकुंतला, सुरेश, प्रवेश, वर्षा, बिमला, सरोज व अंगूरी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अहिल्याबाई होल्कर न्यायप्रियता एवं जनकल्याण की मिसाल: डा. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



रेवाड़ी। छात्राओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

महान समाज सुधारक रानी अहिल्याबाई होल्कर की तीसरी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में बालिकाओं में आत्मविश्वास व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए एचपीएस बावल में बालिका दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने दौड़ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सिंहराम महलावत, हिमांशु पालीवाल, सुनील ग्रोवर, कविता गुप्ता व प्रवीण शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर डा. पोपली ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महिला सशक्तिकरण, न्यायप्रियता और जनकल्याण की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं, किसानों, व्यापारियों और निर्धनों के अधिकारों की रक्षा की। उनका न्याय निष्पक्ष और मानवतावादी होता था। उन्होंने स्त्रियों की दशा सुधारने के लिए कई प्रयास किए। उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह को समर्थन दिया और बालिकाओं की शिक्षा पर भी बल दिया।

### एमएसपी में वृद्धि किसानों के सम्मान में एक और ऐतिहासिक कदम: पोपली



**रेवाड़ी** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक मामलों की मंत्री मंडल समिति ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी है। खरीफ फसलों की एमएसपी में वृद्धि करने से किसानों में खुशी की लहर है। भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि केंद्र सरकार ने खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (में वृद्धि कर एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि सरकार केवल वायदे नहीं करती, बल्कि किसानों के कल्याण के लिए ठोस निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि एमएसपी में बढ़ोतरी करोड़ों किसानों की मेहनत को सम्मान देने के साथ-साथ उनके आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करेगी। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों की एमएसपी में वृद्धि कृषकों के सम्मान में एक और ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में एक और मील का पत्थर है, बल्कि विपक्ष के मुंह पर भी करारा जवाब है, जो हर सुधार पर आंखें मूंदकर विरोध करता है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ जमकर मारपीट, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

- पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई में जुटी

**रेवाड़ी** भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सदर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस शिकायत में बीकानेर निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि वह अपने गांव के मुख्य बाजार में एक दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव गंगायचा अहीर निवासी संजीव डंडा लेकर वहां आ गया। उसने आरोप लगाया कि संजीव ने आते ही उस पर डंडे से हमला कर दिया। मारपीट करते हुए उसने धमकी दी कि अगर उसने भाजपा मंडल अध्यक्ष का पद नहीं छोड़ा तो उसे और उसके परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### आईजीयू में पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज



रेवाड़ी। होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग में व्यंजन बनाते विद्यार्थी। फोटो हरिभूमि

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी एमकॉम 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एवं एमबीए 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 30 मई अंतिम तिथि है। बीएचएमसीटी कौशल आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम में कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं। इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। बीएचएमसीटी कोर्स में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर है।

### पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन

- जिले में 22 पंच पद, एक सरपंच व एक सदस्य पंचायत समिति पद पर होंगे उप चुनाव

**रेवाड़ी** पंचायती राज संस्थाओं की विभिन्न ग्राम पंचायतों के 22 पंच पद, एक सरपंच व एक सदस्य पंचायत समिति पद पर उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 मई सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक जारी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 31 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 2 जून को शाम 3 बजे तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकता है और इसी दिन दोपहर बाद 3 बजे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद 15 जून को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा और इसी दिन मतगणना होगी और परिणाम की घोषणा की जाएगी। डीसी ने बताया कि सदि कहीं भी पुनः मतदान की स्थिति बनती है तो 17 जून को पुनः मतदान कराया जाएगा।

### नौतपा के पांचवें दिन तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश से मौसम बना खुशनुमा

# दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने छुड़ाए पसीने शाम को चली हवाओं व हल्की बारिश से राहत

*मौसम परिवर्तनशील बना रहने की संभावना, अगर बारिश हुई तो मिलेगी गर्मी से राहत*

- शाम तक आसमान में बादल छाए रहने के कारण और बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। वीरवार दोपहर बाद आए अंधड़ में बावल रोड से गुजरते वाहन।

नौतपा के पांचवें दिन दोपहर बाद तक उमस भरी गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने छुड़ाए। शाम के समय तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात ने राहत दिलाने का काम किया। तापमान में मामूली गिरावट के बावजूद गर्मी का प्रकोप बना रहा। नौतपा खत्म होने तक मौसम में बार-बार बदलाव आ सकता है। बार-बार हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। वीरवार को सुबह से ही आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाने का काम करती रही। भारी उमस के कारण कूलरों की हवा भी बेअसर होकर उमस बढ़ाने लगी। एसी और पंखे की हवा से ही गर्मी का बचाव किया गया। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 38.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री बढ़कर 25.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन के तापमान में कमी के बावजूद हवा में नमी का स्तर 60 फीसदी तक बने रहने से उमस भरी गर्मी ने अधिक तापमान के साथ खुश्क गर्मी से भी ज्यादा परेशान किया। लोगों शाम तक उमस के कारण पसीने से तर-बतर नजर आते रहे।

शाम के समय कई इलाकों में हल्की बरसात के बाद मौसम का मिजाज कुछ ठंडा हो गया। शाम तक आसमान में बादल छाए रहने के कारण और बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा था।

**नहीं तन रहा इस बार भी नौतपा**

इस बार नौतपा 2 जून को खत्म होगा। मान्यता है कि नौतपा के दिनों में धरती तेज गर्मी से तपती है, तो इससे मानसून के दौरान अच्छी बरसात होती है। अगर नौतपा में गर्मी नहीं होती और बारिश होती है, तो मानसून के दौरान कम बारिश होने या सूखा पड़ने की आशंका रहती है। गत वर्ष की तरह इस बार भी नौतपा के दिनों में तापमान सामान्य से कम रहा है। अब बारिश भी शुरू हो गई है। नौतपा खत्म होने तक मौसम में बार-बार बदलाव आने से तापमान में कमी दर्ज की जाएगी, जिससे नौतपा अपेक्षाकृत ठंडा बना रह सकता है।



रेवाड़ी। एसआई सुनिल कुमार को बधाई देते एसडीएम तथा डीएसपी।

# पुलिस अधिकारी का ईमानदार और कर्मठ होना पुलिस की छवि को सुदृढ़ करता: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

हरियाणा पुलिस में कार्यरत एएसआई सुनील कुमार को सब-इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत होने पर कोसली एसडीएम विजय कुमार यादव और डीएसपी विद्यानंद ने बधाई दी। सुनील कुमार मूलरूप से झज्जर जिले के भूरावास गांव के निवासी हैं और वर्तमान में कोसली डीएसपी कार्यालय में रीडर के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि कंधों पर जब स्टार लगते हैं, तो जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती है।

एक पुलिस अधिकारी का ईमानदार और कर्मठ होना समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करता है। डीएसपी विद्यानंद ने कहा कि सुनील कुमार हमेशा अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदार और समर्पित रहे हैं और आगे भी वे अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक लगनशीलता से कार्य करेंगे।

# रैली व नुक्कड़ नाटकों से समझाए गए पॉलीथिन के दुष्प्रभाव

# पीतल नगरी के 62 स्कूलों के 27124 छात्रों ने ली पॉलीथिन त्यागने की शपथ

शिक्षा विभाग व राह ग्रुप फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

विद्यार्थियों को पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में राह ग्रुप फाउंडेशन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पीतल नगरी रेवाड़ी के 62 स्कूलों के 27124 विद्यार्थियों को पॉलीथिन त्यागने की शपथ दिलाई गई। फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन से जवाहर लाल दूहन ने बताया कि प्रदेश के इस जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को ड्राइंग कॉम्पिटिशन, रैली व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल खोरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास सहित जिले के अनेक स्कूलों में किया गया।





रेवाड़ी। पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आकर्षण का केंद्र रही जागरूकता रैली

पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान के दौरान निकाली गई जागरूकता रैली लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने पॉलीथिन से नाता तोड़ों-जिंदगी से नाता जोड़ों व पॉलीथिन को कदम-कदम से हटाएंगे-धरती को स्वर्ग बनाएंगे जैसे नारे लगाकर पॉलीथिन त्यागने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से गांवों में लोगों को जागरूक भी किया। इस दौरान पेंटिंग व भाषण के माध्यम से भी विद्यार्थियों व आमजन को पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया।

## विश्व में प्रति मिनट 20 लाख पॉलीथिन का उपयोग

विद्यार्थियों में पॉलीथिन त्यागने की जागरूकता बढ़ाने के लिए तीन वर्गों में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीन, चार व पांच को सब जूनियर वर्ग में रखा गया था, जबकि कक्षा छह से लेकर दस तक जूनियर व कक्षा 11वीं व 12 को सीनियर वर्ग में शामिल किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को पॉलीथिन त्यागने, पॉलीथिन का विकल्प सुझाने व पर्यावरण संरक्षण के विषय दिए गए। फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि एक भारतीय प्रति वर्ष औसतन 9.7 किलोग्राम पॉलीथिन का उपयोग करता है। विश्व में प्रति मिनट 20 लाख पॉलीथिन का उपयोग होता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष फेंके गए प्लास्टिक से पृथ्वी के चार घेरे बनाए जा सकते हैं। यह स्थिति उस समय और भी गंभीर हो जाती है जब किसी प्लास्टिक बैग को खत्म होने में करीब 1000 वर्ष लगते हो।

## यह है पॉलीथिन के दुष्प्रभाव

पॉलीथिन के कारण नालियां और नाले जाम हो जाते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक के गिलास में चाय या फिर दूध का सेवन करने से धीरे-धीरे इसका केमिकल लोगों के पेट में चला जाता है, इससे डायरिया के साथ अन्य बीमारियां भी होती है। पॉलीथिन के नष्ट न होने के कारण यह भूमि की उर्वरा क्षमता को खत्म कर रहा है और भूजल स्तर को घटा रहा है। इसका प्रयोग करने से सांस और त्वचा संबंधी रोगों के साथ ही कैंसर का खतरा भी बढ़ रहा है। पॉलीथिन को जलाने से निकलने वाला धुआं ओजोन परत को नुकसान पहुंचा रहा है, जो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है।

## खबर संक्षेप

### लावारिस हालत में मिली चोरी की बाइक

**रेवाड़ी।** लगभग चार साल पहले तहसील परिसर से चोरी हुई बाइक लावारिस हालत में बरामद हुई है। बोहतवास अहीर निवासी सुभाष चंद 9 जून 2021 को किसी काम से तहसील आया था। उसने बाइक तहसील परिसर के अंदर खड़ी की थी। चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू की थी। अब यह बाइक मॉडल टाउन एरिया में लावारिस हालत में मिली है, पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस आरोपी का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

### ऑर्म्स एक्ट के आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने मार्च माह में दर्ज आर्म्स एक्ट मामले के दो आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने गत 19 मार्च को आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। दो आरोपी गुरूग्राम के जाटौली निवासी रितिक व एमपी के मोधनी निवासी विपिन जेल में बंद चले आ रहे हैं। दोनों को पुलिस ने कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जांच में शामिल कर लिया। बाद में उन्हें कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

### कंपनी के लिए निकला युवक लापता

**रेवाड़ी।** मांढैया कलां से बावल की किसी कंपनी में काम के लिए जाने की बात कहकर घर से निकाल एक 20 साल का युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में तुलाराम ने बताया कि उसका बेटा तरुण 27 मई को बावल की किसी कंपनी में काम के लिए जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। उसका मोबाइल फोन बंद आने के कारण उसकी काफी जजग तलाश की जा चुकी है। इसके बावजूद तरुण का कोई पता नहीं चल सका। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### कोसली में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव एक को

**कोसली।** कोसली के आर्य समाज मंदिर में एक जून को आर्य समाज का 84वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। प्रधान सुजान सिंह ने बताया कि सुबह हवन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इसके बाद भजन व वेद प्रचार का कार्यक्रम होगा, जोकि रात्रि तक चलेगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रचारक स्वामी सच्चिदानंद, प्रधान स्वामी यशदेव, दड़ौली आश्रम के स्वामी समर्पणानंद, वैदिक विदुषी पुष्पा शास्त्री व सतपाल लोगों को वेद प्रचार के बारे में जानकारी देंगे।

### कोसली के शिव मंदिर में जागरण 31 को

**कोसली।** कोसली गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 31 मई रात्रि को जागरण तथा 1 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महंत रविंद्र दास महाराज ने बताया कि जागरण में स्थानीय भजन मंडलियां बाबा भोलेनाथ के भजनों का गुणगान करेंगी। एक जून को सुबह हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महंत ने बताया कि कोसली का प्राचीन शिव मंदिर नव निर्माण की प्रक्रिया में है। सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर को कोसली की एक अमूल्य सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहर माना जाता है।

# समझदारी से साइबर अपराधियों से बच सकते हैं नागरिकः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



- साइबर अपराधी ठगी करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

जिला पुलिस ने आमजनको साइबर फ्रॉड से बचने के लिए विशेष सावधानी व सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में लोगों को किसी भी चीज के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करनी होती है, तो इंटरनेट के माध्यम से आसानी से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में टेक्नोलॉजी के इस दौर में लोग इतने तेजी से गुजर रहे है, कि इंटरनेट के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नही कर सकते। एसपी ने कहा कि जितनी तेजी से हम इस डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे है, इंटरनेट पर निर्भरता भी उतनी ही बढ़ गई है, परंतु इसके साथ-साथ साइबर ठगी के मामलें भी बढ़ रहे है, इसलिए हमें पूरी तरह से सतर्क रहने की आवश्यकता है। एसपी मीणा ने कहा कि साइबर अपराधी ठगी करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं, इसलिए आमजन समझदारी और सावधानी से ही साइबर अपराधियों के चुंगल से अपने आपको बचा सकते है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों के पास किसी अंजान नंबर से कॉल कर खुद को आपका परिचित बताते हैं और उसके बाद किसी तीसरे व्यक्ति के पास अपनी पेमेंट रुकी होने की बात कहकर खातों में पैसे भेजने की बात कह कर आपके मोबाइल पर ओटीपी या क्यूआर कोड भेजते हैं। यदि हम ओटीपी को किसी दूसरे व्यक्ति को शेयर करते है या उनकी ओर से भेजे गए क्यूआर कोड को स्कैन करते हैं, तो साइबर ठग बैंक खाते में से पैसे ट्रांसफर करके बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं।

## हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधियों का गिरोह किसी व्यक्ति के व्हाट्सएप या फेसबुक पर वीडियो कॉल करता हैं और अश्लील वीडियो कॉल करने के लिए उकसाते हैं। कुछ व्यक्ति गिरोह के झांसे में आ भी जाते हैं और वह अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर ली जाती है। साइबर ठग वीडियो का हवाला देकर पैसे की मांग करने लगते हैं और जो व्यक्ति इनकी बातों में नहीं आते तो साइबर ठग ऐसे व्यक्ति की फोटो लगाकर फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर उससे मोटी रकम की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस की और से साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। एसपी ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही से आपकी वर्षों की कमाई पर पानी फिर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार हो जाता है तो तुरंत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# क्षेत्र की मांगों को लेकर पंचायत व खेल मंत्री से मिले कोसली विधायक

- खेल मंत्री से खेल स्टेडियमों में कोच और पर्याप्त खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

कोसली विधायक ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर चंडीगढ़ में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और खेल मंत्री गौरव गौतम से मुलाकात की। विधायक ने पंचायत मंत्री से ग्राम पंचायतों से मिले ज्ञापन तथा ग्रामीण विकास के कार्यों को मंजूरी देने का अनुरोध किया। विधायक ने खेल मंत्री से खेल स्टेडियमों में कोच और पर्याप्त खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। निजी सचिव रोहित यादव ने बताया कि कोसली विधायक अनिल यादव के 30 मई को सुबह 9 बजे बस स्टैंड, रोडवेज वर्कशॉप तथा आरओबी का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान एसडीएम विजय कुमार यादव, रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत व लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।



रेवाड़ी। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मिलते कोसली विधायक। फोटो :हरिभूमि

## सब्जी व्यापारियों से मारपीट के आरोप में दो नामजद

**कोसली।** सब्जी मंडी के दो व्यापारियों से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में श्यामनगर निवासी भूपेंद्र ने बताया कि पवन ने बताया कि उनकी सब्जी मंडी में दुकान हैं। दोनों सुबह अपनी दुकान पर आए था। इन लोगों ने आरोप लगाया कि दुकान पर आते ही गोविंद व मुनेश ने दोनों के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

विरोध करने पर दोनों ने उनके साथ जमकर मारपीट की। दोनों को जब घायलावस्था में अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो उन्होंने एक बार फिर से रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी।

# विधवा अनुदान योजना में महिलाओं को मिल रहा तीन लाख तक ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार की ओर से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान कर रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधवा अनुदान योजना शुरू की है, जिसमें महिलाओं को 3 लाख रुपये तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए वही महिलाएं पात्र होंगी, जिनकी पारिवारिक आय 3 लाख रुपये या फिर इससे कम हो तथा महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी महिला पहले किसी ऋण मामले में डिफाल्टर न हो।



- कोई भी महिला पहले किसी ऋण मामले में डिफाल्टर न हो

डीसी अभिषेक मीणा।

## योजना का लाभ

उन्होंने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा वहन की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये या 3 वर्ष जो भी पहले होगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत विधवा महिलाएं डेयरिंग, वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस व स्कूल यूनिफार्म बनाने का काम शुरू कर सकती है।

# विधायक ने फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



विधायक लक्ष्मण सिंह यादव।

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने केंद्र सरकार की ओर से आगामी खरीफ विपणन सीजन के लिए फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी किए जाने की दिशा में बड़े कदम उठाने वाली केंद्र सरकार ने क्षेत्र के प्रमुख बाजरे की फसल में 150 रुपये की बढ़ोतरी करके दक्षिणी हरियाणा के धरतीपुत्रों को बड़ी सौगात दी है।विधायक ने कहा कि बिजाई से पहले खरीफ फसलों के भावों में किए जाने से किसान अब अपने अनुसार ज्यादा लाभकारी फसल की बिजाई कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि ज्वार हाईब्रिड पर 328 रुपए की बढ़ोतरी से 3699 रुपये प्रति क्विंटल, धान पर 69 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 2369 रुपये और बाजरे पर 150 रुपये की बढ़ोतरी से 2775 रुपये प्रति क्विंटल बिकेगा। रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास की फसलों में भी प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# नरबीर बने सीहा स्कूल के एसएमसी प्रधान

- आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक हरीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया की अध्यक्षता में सांझी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति यानि एसएमसी का गठन किया गया। इस दौरान गत दो वर्षों के कार्यकाल की समीक्षा करते हुए आय-व्यय का विवरण देकर सोशल ऑडिट कराया गया। बैठक में स्कूल से दसवीं कक्षा की टॉपर रही छात्रा नंदिनी के पिता नरबीर सीहा को सर्वसम्मति से एसएमसी अध्यक्ष तथा सुमन देवी लुहाना को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। सरपंच सरिता यादव, शिक्षाविद रामकुमार, प्राध्यापक यशपाल आर्य, नरेश कुमार, अभिभावक रीना, पूनम, संजीता, पुरुषोत्तम, हनुमान सिंह व एबीआरसी अनुराधा चौहान को सर्वसम्मति से सदस्य मनोनीत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य नाहड़िया ने गत 2 वर्षों के कार्यकाल की प्रगति रिपोर्ट रखते हुए समिति, ग्राम पंचायत तथा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया, वहीं निवर्तमान समिति अध्यक्ष नरेश कुमार व सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक रामकुमार ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला। आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक हरीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। स्कूल प्रबंधन समिति के साथ विद्यालय के प्राचार्य व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

# टेलीग्राम टास्क के नाम पर बनाया ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साइबर ठगों ने टेलीग्राम टास्क के नाम एक महिला को हजारों रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में मंदोला निवासी आशा देवी ने बताया कि उसने गत 5 अप्रैल को फेसबुक पर एक लिंक पर क्लिक किया था। लिंक खुलने के बाद वह उसके पास ऑनलाइन टास्क करने का मैसेज आया। उसे टेलीग्राम चैनल से जोड़ दिया गया। उसे टेलीग्राम टास्क भेजे। होटल रिव्यू करने के बाद उसके खाते में 1401 रुपये आ गए। उसे बाद में एक हजार रुपये जमा कराने को कहा, लेकिन उसने पैसे नहीं भेजे। 23 मई को उसने एक बार फिर से शुरूआत करते हुए 1000 रुपये भेज दिए, जिसके बदले अगले दिन उसके पास 1300 रुपये वापस आ गए। ठगी करने वाले लोगों ने उसे झांसे में देकर बार-बार ट्रांजेक्शन से 59000 रुपये जमा करा लिए।जब उसने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसका खाता फ्रीज बताया गया। खाता अनफ्रीज कराने के लिए उससे और पैसों की मांग की गई। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

# मोदी सरकार पूरी तरह से किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः बलजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली



बलजीत यादव

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यालय सचिव बलजीत सिंह यादव ने केंद्र सरकार की ओर से खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोतरी को सरकार का सराहनीय कदम बताया है। कहा कि सरकार ने धान, बाजरा, कपास, ज्वार, मूंगफली, सूरजमुखी, मक्का, रागी, अरहर, सोयाबीन, तिल, मूंग व उड़द सहित खरीफ सीजन की 14 फसलों की एमएसपी में वृद्धि की है। इन सभी फसलों का एमएसपी खेती में आने वाली लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक रखा गया है। दक्षिण हरियाणा की मुख्य फसल बाजरा में 150 रुपये की वृद्धि करके 2775 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जोकि बाजरे की खेती पर आने वाली लागत पर 63 प्रतिशत है। किसान क्रेडिट कार्ड शुरू करने से किसान अपनी खेती में काम आने वाली जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। केसीसी के माध्यम से आज देश में 7.75 करोड़ किसानों के पास क्रेडिट कार्ड है और केसीसी के माध्यम से किसानों को 7 प्रतिशत की रियायती दर पर ऋण सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मचारी की मौत

**रेवाड़ी।** कमालपुर पावर हाउस के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी। कंवाली निवासी कसोला के पास एक कंपनी में नौकरी करता था। वह बुधवार की शाम को घर से बाइक लेकर कंपनी में नाइट ड्यूटी करने के लिए जा रहा था। जब वह कमालपुर पावर हाउस के पास पहुंचा तो रेवाड़ी की ओर से जा रही एक बेजा कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मुकेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे गंभीरावस्था में उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिय गया।

**जानकारी** किसान नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आमदनी को दोगुना करें

# किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, पशुपालन मत्स्य पालन और बागवानी की दी जानकारी

- कार्यक्रम में करीब 900 किसानों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वीरवार को जिले के 9 गांवों खुशपुरा, बालधन खुर्द, परखोत्तपुर, निखरी, मसानी, खटावली, गिंदोखर, किशनगढ़ और बालावास में कृषि विशेषज्ञ टीमों ने किसानों से संवाद किया और उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करीब 900 किसानों ने भाग लिया, जिनमें कई प्रगतिशील किसान भी शामिल थे। वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, पशुपालन, मत्स्य पालन और बागवानी से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत डा. विश्वजीत सिंह नोडल अधिकारी, मनोज कुमार बीएओ खोल, रूप सिंह एचडीओ, पशु चिकित्सा सर्जन, मत्स्य पालन अधिकारी व प्रगतिशील किसान, डा. प्रमोद कुमार यादव नोडल अधिकारी, मनोज झाखड़ बीएओ बावल, प्रवीन एचडीओ, डा. विजय कुमार एचपी एसएसटी, डा. श्रीलादास एसएस एंड एसी, डा. स्नेह नरवाल जैव रसायन विशेषज्ञ, डा. नीरज पतंजलि कृषि रसायन विशेषज्ञ, डा. अमोल कुमार यू सोलंकी एनआईपीबी, डा. नरेंद्र कुमार कृषि विज्ञान केंद्र बावल व डा. अजीत खंड कृषि अधिकारी ने किसानों को फसल विविधिकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सौर ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई पंप, जैविक खेती, बागवानी और डेयरी परियोजनाओं के लिए। उन्होंने कहा कि किसान नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आमदनी को दोगुना करें।



रेवाड़ी। कैंप में किसानों को जानकारी देते हुए कृषि विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि